<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेईस अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए लोगों से नमो एप पर मांगे नये विचार, आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा–चंद्रयान तीन की सफल लैंडिंग से बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जगी जिज्ञासा।
- सावन के तीसरे सोमवार पर प्रदेश के काशी विश्वनाथ धाम सहित विभिन्न शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं और कावड़ियों की भारी भीड़, पवित्र नदियों के जल से जलाभिषेक कर हो रही है भगवान शिव की पूजा अर्चना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी, चित्रकूट धाम और कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों के सम्बन्ध में दिये अहम निर्देश।
- उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में प्रदेश के चार श्रद्धालुओं सहित छह लोगों की मौत।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपील की है कि वह तेईस अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के संदर्भ में अपने नये विचार नमो ऐप के जरिए साझा करें। कल मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से अंतरिक्ष दिवस कैसे मनाया जाए विषय पर नये आइडियाज मांगे। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, देश में अंतरिक्ष से जुड़े पचास से भी कम स्टार्ट–अप थे जो आज दो सौ से अधिक हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने कहा कि अगस्त–दो हजार तेईस में चंद्रयान–तीन की सफल लैंडिंग से देश में एक नया माहौल बना और बच्चों में विज्ञान तथा अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जिज्ञासा जगी ।

**स्पेस को लेकर बच्चों में एक नई जिज्ञासा भी जागी है। अब छोटे–छोटे बच्चे कहते हैं, हम भी स्पेस में जाएंगे, हम भी चांद पर उतरेंगे – स्पेस साइंसटिस्ट बनेंगे। आपने इंस्पायर–मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों के इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं।**

**********

आज पवित्र सावन माह के तीसरे सोमवार के अवसर पर प्रदेश भर में श्रद्धालु और कावंड़िये ऐतिहासिक मंदिरों तथा शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं। शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। वहां जलाभिषेक करने पहुंचे कांवड़ियों के लिये प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किये गये हैं। प्रमुख कांवड़ मार्गों पर सरकार की तरफ से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की जायेगी। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कई जगहों पर रुट डायवर्जन किया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी में आज बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया । वहां मंगला आरती के बाद शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे हैं। भगवान राम की नगरी अयोध्या भी शिवमय हो गयी है। श्रद्धालु सरयू स्नान के बाद नागेश्वरनाथ महादेव का सरयू नदी के जल से अभिषेक कर रहे हैं। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर और मुक्तेश्वरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी हैं।

**********

अयोध्या में कल से पारम्परिक झूलनोत्सव की शुरुआत हो गई। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि झूलनोत्सव के अवसर पर अयोध्या के सैकड़ों मंदिरों से भगवान श्रीराम और माता सीता की झूलनोत्सव यात्रा मणि पर्वत तक निकाली गईं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

अयोध्या नगर निगम द्वारा कल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मणि महोत्सव का भी आयोजन हुआ। वहां के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित कवि सम्मलेन और सांस्कृतिक संध्या विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कल से ही अयोध्या में बारह दिवसीय झूला उत्सव की भी शुरुआत हुई, जो नौ अगस्त तक चलेगा। यह उत्सव जिले के करीब एक हजार मंदिरों में चल रहा है।

**********

ऑपरेशन सिंदूर पर आज लोकसभा में चर्चा संभावित है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले सप्ताह बताया था कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया पर मौजूदा संसद सत्र के दौरान विशेष चर्चा होगी।

बाइट–किरेन रिजिजू(5)

**पहले हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे। ये अपॉजिशन पार्टी का ही मांग था। सरकार ने एग्री पहले दिन से ही किया है, तो ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा पूरा करने के बाद अगले विषय क्या लेंगे, उसका हम बाद में तय करेंगे, इसलिए मंडे से लोकसभा में 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और ट्यूजडे को राज्यसभा में फिर 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित एक बैठक में झांसी और चित्रकूट धाम मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चित्रकूट धाम मण्डल और झांसी मण्डल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केन्द्र हैं। इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और विकास 'नये उत्तर प्रदेश' के निर्माण का मूलाधार है। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए तथा समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द गुप्त**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है। मुख्यमंत्री ने सरकारी घोषणाओं और विकास योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करने पर बल दिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी में दो अगस्त को प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज वाराणसी जाएंगे। वह प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वहां के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और डीएम सत्येन्द्र कुमार ने कल सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली कालिकाधाम में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित सभा स्थल का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बारिश को ध्यान में रखते हुए तैयारियां करने का विशेष तौर पर निर्देश दिया।

**********

जूनियर बॉयज नेशनल फुटबॉल चौंपियनशिप फॉर बी सी राय ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के बालकों ने अपने पहले मैच में त्रिपुरा की टीम को पांच एक से हराकर टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है। एक रिपोर्ट–

**मध्य प्रदेश के बालाघाट में चल रही इस चौंपियनशिप का मुकाबला शुरू होते ही यूपी के खिलाड़ियों ने आक्रामक ढंग अपनाते हुए पहले हाफ में तीन गोल किए, जबकि त्रिपुरा ने एक गोल किया। वहीं, दूसरे हाफ में पंकज कुमार और भाविन जोशी ने गोलकर यूपी की बढ़त पांच एक कर दी। ग्रुप का अगला मैच अंडमान–निकोबार के विरुद्ध अट्ठाइस जुलाई को खेलेगा। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर कल हुई भगदड़ में प्रदेश के चार लोगों सहित कुल छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इस हादसे में करीब बीस अन्य लोग घायल हैं। यह भगदड़ बिजली का हाई वोल्टेज तार गिरने से हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने बताया कि इलाके में करंट फैलने की अफवाह से मची अफरा–तफरी भगदड़ में तब्दील हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक जताया और मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

**********

कानपुर नगर के बिधनू थाना क्षेत्र में कानपुर सागर हाईवे पर कल एक रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत करा कर यातायात का संचालन शुरू कराया।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज रूक रूक कर हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने जौनपुर, प्रतापगढ़, देवरिया, अयोध्या, बस्ती, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, सुलतानपुर, और सिद्धार्थनगर सहित आसपास के जनपदों में आज भी गरज और चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।

**********